Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - नौवीं

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण नौ एवं दस

उपविषय - मुहावरे

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

आज हम कक्षा नौवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य-पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 31 पर दिए मुहावरों पर चर्चा करेंगे।

बच्चो! आज हम मुहावरों पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप सभी अपनी-अपनी पुस्तक एवं एक उत्तर-पुस्तिका निकाल लें और पढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। विषय पर चर्चा करते-करते आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे, जिनके उत्तर आप ध्यानपूर्वक सुनकर ही दे पाएँगे। आशा करती हूँ कि अब आप पढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

बच्चो! मुहावरों पर चर्चा करने से पहले यह जान लेते हैं कि मुहावरे क्या होते हैं।

भावों एवं विचारों की अभिव्यक्ति को अधिक सशक्त, प्रभावपूर्ण, आकर्षक एवं साहित्यिक बनाने के लिए भाषा के प्रयोग में मुहावरों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनके प्रयोग से कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक भावों को गहराई के साथ व्यक्त किया जा सकता है। अतः कहा जा सकता है - ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ का बोध कराते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

मुहावरे वाक्यांश तो होते हैं परन्तु यह सामान्य अर्थ का बोध नहीं कराते। इनके विशेष अर्थ होते हैं। इनके प्रयोग से भाषा चमत्कारित हो जाती है। इनसे भाषा के सौंदर्य में वृद्धि होती है। मुहावरों का प्रयोग जन-साधारण द्वारा आम बोलचाल में भी किया जाता है।

मुहावरे की विशेषताएँ

- मुहावरे के रूप में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता। जैसे 'फूल कर कुप्पा हो जाना' का प्रयोग किसी स्त्री के संदर्भ में करते समय यह नहीं कहा जा सकता कि 'वह फूलकर कुप्पी हो गई'। सही प्रयोग यही होगा कि 'वह फूलकर कुप्पा हो गई।
- मुहावरा वाक्य का अंग बनकर प्रयुक्त होता है, स्वतन्त्र रूप से नहीं। जैसे कोई कहे 'पेट काटना' तो इससे कोई विलक्षण अर्थ प्रकट नहीं होता। परन्तु यदि कोई कहे कि 'मैंने पेट काटकर अपने लड़के को पढ़ाया' तो वाक्य के अर्थ में नवीनता और रोचकता आ जाती है।
- मुहावरे अपने शाब्दिक अर्थ को न अपनाकर किसी विशेष रूप में प्रकट होते हैं। जैसे 'नाकों चने चबाना' का अर्थ 'नाक से चने चबाना' के अर्थ के रूप में ग्रहण करना हास्यपद होगा। वस्तुत: विशेष अर्थ 'अधिक परेशान करना' ही होगा।
- मुहावरे का वाक्य में जब प्रयोग किया जाता है तो उसकी क्रिया लिंग, वचन, कारक आदि के अनुसार बदल जाती है।

बच्चो! अब आपकी पृष्ठ संख्या 3। पर दिए मुहावरों को पढ़ेंगे एवं उसके अर्थ एवं वाक्य को समझने का प्रयास करेंगे।

1. अंग - अंग ढीला होना - थक जाना
वाक्य - दिन भर मज़दूरी करने से मज़दूरों का अंग-अंग ढीला हो जाता है।
2. अंगूठा दिखाना - साफ़ इंकार करना
वाक्य - अब तक तो मुझे रुपए मिलने की आशा थी, किंतु आज तो उसने मुझे अंगूठा दिखा दिया है।

3. अंधे की लकड़ी - एकमात्र सहारा
वाक्य - श्रवण कुमार अपने माता-पिता की अंधे की लकड़ी था।
4. अक्ल मारी जाना - बुद्धि नष्ट होना
वाक्य - परीक्षा समीप आ गई है, तुम निश्चिंत बैठे हो, क्या तुम्हारी अक्ल मारी गई है ?
5. अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मारना - अपना नुकसान स्वयं करना
वाक्य - समय से पहले सेवानिवृत्ति का आवेदन देकर राजन ने अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मार ली।
6. अक्ल का अंधा - बेवकूफ़ होना
वाक्य - तुम तो निरे अक्ल के अंधे हो, कोई भी काम तुम पर नहीं छोड़ा जा सकता।
7. अँगूठा चूसना - चाटुकारी करना
वाक्य - मैं तो अपने काम के पैसे ही लेता हूँ, कभी किसी का अँगूठा नहीं चूसता।
8. अगर-मगर करना - बहाने बनाना
वाक्य - अगर-मगर करने की क्या ज़रूरत है? अगर रुपए नहीं देना चाहते, तो साफ कह दो।
9. अपना उल्लू सीधा करना - अपना मतलब निकालना
वाक्य - दुनिया में प्रत्येक स्वार्थी मनुष्य अपना उल्लू सीधा करता है।
10. आँखों में धूल झोंकना - धोखा देना
वाक्य - चोर पुलिस की आँखों में धूल झोंककर भाग गया।
11. आँखें दिखाना - डराना
वाक्य - अध्यापक के आँखें दिखाते ही सारी कक्षा में शांति छा गई।
12. आँख लगना - सो जाना
वाक्य - चारपाई पर पड़ते ही मेरी आँख लग गई।
13. आँखों से गिरना - आदर न करना
वाक्य - अध्यापक की अलमारी से पुस्तक चोरी करके तुमने बहुत बुरा किया। तुम तो अध्यापक की आँखों से गिर गए हो।

14. आँखें फेर लेना - बदल जाना
वाक्य - मुसीबत में अपने भी आँखें फेर लेते हैं।

15. आटे-दाल का भाव मालूम होना - वास्तविक कष्ट का पता लगना
वाक्य - राम अब तो ऐश कर रहा है। जब उसकी सारी संपत्ति समाप्त हो जाएगी तब उसे आटे-दाल का भाव मालूम होगा।

बच्चो ! अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। प्रश्न सुनकर आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट के लिए रोक देंगे और उस दौरान आप पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे। प्रश्न इस प्रकार हैं :-

प्रश्न 1. 'अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का अर्थ लिखो।

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा चुनिए :- मुसीबत में अपने भी ---------
(क) आँखें दिखाना (ख) अक्ल का अंधा
(ग) अक्ल मारी जाना (घ) आँखें फेर लेना

प्रश्न 3. निम्नलिखित अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखो
'वास्तविक कष्ट का पता लगना'।

बच्चो ! उत्तर लिखने के लिए दिया गया समय अब समाप्त हो चुका है। आशा है कि आपने उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार हैं :-

उत्तर 1. 'अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का अर्थ है - अपना नुकसान स्वयं करना

उत्तर 2. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा है :- मुसीबत में अपने भी आँखें फेर लेते हैं।

उत्तर 3. 'वास्तविक कष्ट का पता लगना' — इस अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा है 'आटे-दाल का भाव मालूम न होना'।

बच्चो ! अब आगे दिए मुहावरों को पढ़ना व समझना आरंभ करते हैं। आप इसी प्रकार ध्यान से सुनेंगे।

16. आँखों का तारा - बहुत प्यारा
वाक्य - कमल अपने माता - पिता की आँखों का तारा है।

17. आड़े हाथों लेना - खरी खोटी सुनाना
वाक्य - ऊधो का निर्गुण संदेश सुनते ही गोपियों ने उसे आड़े हाथों लिया।

18. आकाश - पाताल एक करना - बहुत प्रयत्न करना
वाक्य - पुलिस ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए आकाश - पाताल एक कर दिया।

19. आसमान सिर पर उठाना - बहुत शोर मचाना
वाक्य - अध्यापक के कक्षा में न आने पर बच्चों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

20. आस्तीन का साँप - कपटी मित्र
वाक्य - कर्मचन्द ने रवींद्र को अपने यहाँ नौकरी दी और उसने कर्मचन्द की फ़ैक्ट्री पर ही कब्ज़ा कर लिया। रवींद्र तो आस्तीन का साँप निकला।

21. ईद का चाँद होना - बहुत देर बाद दिखाई देना
वाक्य - तुम तो ईद का चाँद हो गए हो, कभी मिले ही नहीं।

22 ईंट से ईंट बजाना - नष्ट करना
वाक्य - युद्ध में सेना ने शत्रुओं की ईंट से ईंट बजा दी।

23 ईंट का जवाब पत्थर से देना - शत्रु को करारा उत्तर देना
वाक्य - कुँअर सिंह ने अंग्रेज़ों की ईंट का जवाब पत्थर से देकर खोया राज्य प्राप्त किया था।

24. उलटी गंगा बहाना - उल्टी बातें करना
वाक्य - अपने पूर्वजों के विरुद्ध चलकर उलटी गंगा मत बहाओ। आपके पूर्वज दान देते थे और आप दान ले रहे हैं।

25 उँगली उठाना - दोष लगाना
वाक्य - रामशरण जैसे ईमानदार अफ़सर पर कोई उँगली नहीं उठा सकता।

26. उल्लू बनाना - मूर्ख बनाना
वाक्य - वह अपने मित्र को उल्लू बनाकर रुपए ऐंठ लेता है
27. उन्नीस - बीस का अंतर - बहुत कम अंतर
वाक्य - इन दोनों भाइयों की शक्ल में उन्नीस-बीस का अंतर है।
28. एड़ी - चोटी का ज़ोर लगाना - बहुत परिश्रम करना
वाक्य - सत्यराम ने अपनी लड़की की शादी में एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाकर धन इकट्ठा किया, परन्तु चोर उसे चुराकर ले गए।
29. इतिश्री करना - समाप्त करना
वाक्य - बहुत देर से इसी काम पर लगे हो, अब इस काम की इतिश्री कर दो।
30. कमर टूटना - बहुत निराश होना
वाक्य - पुत्र की हत्या के बाद महेंद्र की तो कमर ही टूट गई।
31. कमर कसना - युद्ध के लिए तैयार हो जाना
वाक्य - कमर कस लो, शत्रु पक्ष आपको ललकार रहा है।
32. काफ़ूर होना - भाग जाना
वाक्य - घर के मालिक के निकलते ही नौकर घर की सभी बहुमूल्य वस्तुओं को लेकर काफ़ूर हो गया।
33. कोल्हू का बैल - दिन - रात काम करने वाला
वाक्य - मोहन तो कोल्हू का बैल है, कभी आराम ही नहीं करता।
34. काम आना - युद्ध में मारे जाना
वाक्य - यूरोप के महायुद्ध में प्रत्येक देश के लाखों सैनिक काम आए।
35. कलेजे पर साँप लोटना - ईर्ष्या से दुखी होना
वाक्य - मोहन की तरक्की देखकर तुम्हारे कलेजे पर साँप क्यों लोटने लगा ?

बच्चो ! आज हम अपने इस कार्य को यहीं विराम देते हैं। आशा करती हूँ कि आपने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना व समझा होगा। सभी छात्र इन्हें लिख-लिख कर याद करने का अभ्यास करेंगे।

## गृहकार्य

सभी छात्र अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ-संख्या 311, 312 एवं 313 पर दिए मुहावरे अंग-अंग ढीला होना से लेकर कलेजे पर साँप लोटना तक (1 से 35 तक) अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं कंठस्थ करेंगे।

धन्यवाद

[अंतिम पृष्ठ]